कार्यालय प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध
पं0 राम प्रसाद बिस्मिल चिकित्सालय,, शाहजहाँपुर, उ0प्र0 242001
Office of The Principal, Autonomous State Medical College &
Allied Pt. Ram Prasad Bismil Hospital, Shahjahanpur, U.P. 242001
Website: www.smcshah.in e-mail:principalsmcshah@gmail.com Phone No. 05842-240209

पत्रांकः प्रधानाचार्य/चि0शि0 नियुक्ति/2026/546 दिनांक 14-02-2026

कार्यालय ज्ञाप

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, शाहजहाँपुर में नियमित पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञप्ति संख्या– Principal/Estb-Recruit./2026/82, दिनांक 08–01–2026 को प्रकाशित की गयी थी। जिसमें आवेदन प्राप्त किये जाने की अन्तिम तिथि 14 फरवरी, 2026 निर्धारित थी। उक्त विज्ञप्ति के सापेक्ष अपेक्षाकृत अल्प संख्या में आवेदन प्राप्त होने के दृष्टिगत आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने की अन्तिम तिथि 28 फरवरी, 2026 तक विस्तारित की जाती है। विज्ञप्ति की शेष शर्तें यथावत रहेंगी। जो अभ्यर्थी उक्त विज्ञप्ति संख्या–82, दिनांक 08–01–2026 के सापेक्ष पूर्व में आवेदन कर चुके हैं, उनको पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। विज्ञप्ति का विस्तृत विवरण हेतु कालेज की वेबसाइट www.smcshah.in पर लॉगिन करें।

प्रधानाचार्य
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,
शाहजहाँपुर।

पत्रांकः प्रधानाचार्य/चि0शि0 नियुक्ति/2026/ तद्दिनांक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण जवाहर भवन, लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को महानिदेशालय की वेबसाइट https://dgme.up.gov.in पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
3. जिलाधिकारी, शाहजहाँपुर/जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, शाहजहाँपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को जिला शाहजहाँपुर की वेबसाइट https://shahjahanpur.nic.in पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. समस्त राजकीय एवं स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित कि अपने संस्थान के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
5. वेबसाइट इंचार्ज, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, शाहजहाँपुर को इस आशय के साथ प्रेषित की इस विज्ञप्ति को कालेज की वेबसाइट पर तत्काल प्रकाशित करना सुनिश्चित करें।
6. समस्त नोटिस बोर्ड, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, शाहजहाँपुर।
7. विज्ञापन प्रबंधक, अमर उजाला, दैनिक जागरण, टाइम्स ऑफ इंडिया को इस आशय से प्रेषित कि बरेली व लखनऊ मण्डल के संस्करणों में पठनीय न्यूनतम माप में विज्ञापन प्रकाशित करने के पश्चात जिला सूचना अधिकारी, शाहजहाँपुर द्वारा बिल सत्यापित कराकर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में भुगतान हेतु प्रेषित करें।

प्रधानाचार्य
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय,
शाहजहाँपुर।